दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, बुधवार 06 फरवरी 2019
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत दूसरा गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन ही कुसमुंडा में तेज रफ़्तार का कहर सामने आया। तेज रफ्तार एक ट्रक ने डिंगापुर जाने के लिए निकले दो बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में बाइक के पीछे बैठे युवक की मौके पर मौत हो गयी जबकि बाइक चला रहे युवक का पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार यह घटना कुसमुंडा मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प के आगे खम्हरिया मोड़ पर हुई। बताया गया कि दुर्घटनाकारित 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 2986 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर बाइक होण्डा शाइन में सवार दो युवकों डिंगापुर निवासी उत्तम कुमार 26 वर्ष व संजीत खलखो 21 वर्ष को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक ट्रक के नीचे आ गई व उत्तम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संजीत खलखो का पैर टूट गया व संघातिक चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए थे। लोगों की भीड़ भारी वाहनों के विरोध में सड़क पर उतर आयी जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बहरहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मर्च्युरी में रखवाया वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर धारा 279,337,304ए भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मीसा में बंद हुए 7 बस्तरवासियों की पेंशन हुई बंद

**जगदलपुर(आरएनएस)।** देश में आपातकाल के दौरान जिन लोगों को जेल की हवा खानी पड़ी थी ऐसे बंदियों को पूर्ववर्ती भाजपा प्रदेश सरकार ने 2008 से मीसा बंदियों के नाम से पेंशन दे रही थी। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने और भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनते ही मीसा बंदियों के पेंशन बंद करने का निर्णय लिया गया। बस्तर जिले में 7 लोगों को मीसा बंदी पेंशन दिया जा रहा था। अब फरवरी माह से इन लोगों को पेंशन बंद किर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने सभी जिला कलेक्टरों को आदेश जारी कर कार्रवाई शुरू करने कहा है। कलेक्टोरेट में इस आशाय के आदेश मिलते ही कार्रवाई शुरू की गई और मीसा बंदियों का पेंशन रोका गया। कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में जिन लोगों को पेंशन दिया जा रहा था उनमें 7 लोग शामिल थे। मीसा बंदियों को पेंशन देने 2008 में पूर्ववती भाजपा सरकार ने नियम पारित किया। 2009 में जिले के सात लोगों को पेंशन देने की प्रक्रिया शुरू की गई। ऐसे बंदियों को लोक नायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधी देने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात बंदियों एवं उनके आश्रितों को पेंशन मिलने लगा था।

### बेरोजगार युवकों को एसईसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**कोरबा (आरएनएस)।** कंपनी में नौकरी लगाने के नाम पर लगभग दर्जन भर युवकों से रुपए लेने के मामले ने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोपी ने पीड़ित पक्षों से सात से 8000 रुपए वसूली कर उन्हें आकर्षक वेतन देने का झांसा दिया था। बेरोजगार युवकों को मानिकपुर बस्ती निवासी अमित टंडन ने एसईसीएल मानिकपुर खदान में नौकरी दिलाने के नाम से ठगी का शिकार बना लिया। ये युवकों को ठगे जाने का आभास तब हुआ जब नौकरी के बदले रुपए दिए जाने के बाद भी दो माह तक घुमाता रहा। इस दौरान अमित टंडन बेरोजगार युवकों को नौकरी मिल जाने का भरोसा दिलाते, एसईसीएल के जीएम ऑफिस तक लेकर जाया करता था, लोगों को बाहर खड़ा कर यह कहता था कि साहब मीटिंग में होगें या कहीं दौरे पर निकल गए हैं। युवक बार-बार जीएम ऑफिस के चक्कर काटते तंग हो गए अंत में जब अंकित टंडन का मोबाइल बंद दिखाने लगा तो सभी न्याय पाने पुलिस की शरण में पहुंचे। यही नहीं अब दूसरे युवक के हाथों नौकरी नहीं लगने पर पैसा वापस करने एक चेक काट कर दिया था उसको जब भुनाने बैंक पहुंचे तो उसके खाते में पैसे ही नहीं थे। इस मामले में मानिकपुर चौक की पुलिस ने पीड़ित युवकों की शिकायत लेते अमित टंडन का तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अमित टंडन शातिर और इससे पहले भी कुछ और लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है।

### बजट सत्र के लिए 1630 सवाल लगे

**रायपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 8 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। एक माह तक चलने वाले बजट सत्र के लिए 1630 सवाल सदस्यों द्वारा लगाए गए है। इनमें तारांकित के 909 एवं अतारांकित के 721 सवाल है। भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल का यह दूसरा विधानसभा सत्र एवं पहला मुख्य बजट सत्र है। एक माह तक चलने वाले सत्र के लिए सदस्यों द्वारा बढ़-चढ़कर सवाल लगाए गए है। 4 फरवरी तक कुल 1630 सवाल लगाए जा चुके है। इनमें तारांकित के 909 एवं अतारांकित के 721 सवाल है। इसके अलावा कई सदस्यों ने ध्यानाकर्षण की सूचनाएं भी दी हुई है। विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत सत्र के प्रारंभ होने के एक दिन पहले 7 फरवरी को सत्र के लिए सदस्यों द्वारा लगाए गए प्रश्नों, ध्यानाकर्षण का आकड़ा सहित अन्य जानकारियां प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया को देंगे। 8 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले सत्र में विधानसभा स्तर, जिला एवं प्रदेश स्तरीय सवाल भी सदस्यों द्वारा लगाए गए है।

### ट्रक की ठोकर से टैंकर वाहन क्षतिग्रस्त

**रायपुर(आरएनएस)।** उरला थाना अंतगर्त सररोरा के पास आज सुबह तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर टेंकर वाहन की क्षति ग्रस्त हो जाने पर उरला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक सीजी 18 एफ 0407 का चालक अब्बास 40 वर्ष पिता हफीज खान ने सरोरा गेट के पास सामने से आर रही टेंकर को टक्कर मार दिया जिससे टेंकर क्षतिग्रस्त हो जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी है।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परम्पराएं समृद्ध : डॉ. महंत

#### छत्तीसगढ़ की संस्कृति के समन्वित विकास के लिए राज्य शासन कृत संकल्पितः साहू

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोक परम्परा समृद्ध है, इसे जानने के लिए प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ने की आवश्यकता है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति लोक संस्कृति, लोक परम्परा एवं लोकगीत की जानकारी से अवगत हो सके। डॉ. चरणदास महंत आज जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के शुभारंभ सत्र को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के गृह, जेल, धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के पुरा वैभव संपन्न जाज्वल्यदेव की नगरी जांजगीर धन-धान्य से परिपूर्ण है। यहां एक ओर कृषि उत्पादों का भरपूर उत्पादन होता है, वहीं दूसरी ओर लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न उद्योगों की स्थापना की गई है। जिला मुख्यालय में आयोजित जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला जिले के वैभव पर चार चांद लगा रहा है।



डॉ. महंत ने जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेले के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिले के उत्तरोत्तर विकास में सहायक होता है। मेला के माध्यम से मेल-मुलाकात और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। साथ ही हमारे सामाजिक समरसता की भावना को और अधिक बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि संत कबीरदास का नाम पूरी दुनिया में विद्यमान है। उनके विचारों संदेश और को अपनाकर आपसी भाईचारा एवं बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा गांवों और किसानों के समृद्धि के लिए नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के विकास को प्राथमिकता दी गई है। इसके अंतर्गत नालों में बहकर बर्बाद होते पानी को रोकने, पशुधन की संरक्षण एवं संवर्धन, उनसे मिलने वाले उत्पादों के उपयोग, जैविक खाद बनाने, अपर्नें इंधन की व्यवस्था गांव में करने तथा बाड़ी के माध्यम से उद्यानिकी विकास की विस्तृत कार्य योजना बनाई जा रही है। गृह, जेल, धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और संस्कृति के समन्वित विकास के लिए राज्य शासन कृत संकल्पित है। धार्मिक स्थानों की सुरक्षा के लिए धार्मिक न्यास बनाये जायेंगे।

## महंत ने पत्रकारों को कार्यक्रम से जाने को कहा, पत्रकारों ने किया बहिष्कार

**जांजगीरचांपा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पत्रकारों के साथ अच्छा बर्ताव नही हो रहा हैं. पहले भारतीय जनता पार्टी के दफ्तर में पत्रकार के साथ मारपीट की घटना हुई और अब विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कार्यक्रम से जाने को कह दिया. दरसल सोमवार को जाज्वल्य देव लोक महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत पहुंचे थे. कार्यक्रम के दौरान पत्रकार जिला पंचायत सीईओ अजीत वसंत को हटाने की मांग कर रहे थे. पत्रकारों का कहना था कि सीईओ का व्यवहार मीडियाकर्मियों के साथ अच्छा नहीं है, जिसके चलते सभी पत्रकार सीईओ को हटाने की मांग कर रहे थ कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत जब मंच पर पहुंचे, तो पत्रकारों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

## भाजपा के हमलावर पदाधिकारियों के खिलाफ प्रेसक्लब का धरना तीसरे दिन भी जारी

#### वरिष्ठ पत्रकारों ने दिया समर्थन, मशाल जुलूस निकालकर पत्रकारों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मांगी

**रायपुर (आरएनएस)।** हाल ही में वेब पोर्टल पत्रकार सुमन पाण्डेय पर भाजपा की बैठक के कवरेज के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, व्यास दीनू एवं अन्य द्वारा हमलाकर उनकी अभिव्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया। हमले के खिलाफ रायपुर प्रेसक्लब द्वारा दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन वरिष्ठ पत्रकार रमेश नैय्यर, गिरीश पंकज, शंकर पाण्डेय एवं अन्य पत्रकारों ने धरने पर पहुंचकर विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्ष में अपने वक्तव्य देकर आर पार की लड़ाई लड़ने का आव्हान किया। धरने में आज अनेक स्वयंसेवी संगठनों ने शामिल होकर पत्रकारों की कलम को मजबूत करने के नारे लगाए। आरटीआई कार्यकर्ता उचित शर्मा, ममता शर्मा, आरके चौबे आदि ने धरने का समर्थन दिया। नदी घाटी योजना के राज्य संयोजक गौतम बंधोपाध्याय ने कलम की ताकत को पहचानने का आव्हान भाजपा से किया। 7 बजे मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों पत्रकारों ने शामिल होकर हमलावर भाजपा नेताओं के खिलाफ बीजेपी हाईकमांन से निष्कासन की मांग की। पत्रकार संघ के धरने को आज गुमटी, चाट ठेला एसोसिएशन ने समर्थन देते हुए आज अपना व्यवसाय बंद रखने का निर्णय लिया है।



## मुख्यमंत्री ने सात वरिष्ठ बुनकरों को किया सम्मानित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के रावणभाटा मैदान में राष्ट्रीय हाथकरघा प्रदर्शनी (नेशनल हैण्डलूम एक्सपो) के शुभारंभ समारोह में प्रदेश के सात वरिष्ठ बुनकरों को शॉल, श्रीफ्ल और 5501 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने जिन वरिष्ठ बुनकरों को सम्मानित किया, उनमें ग्राम भरदाटटेंगा, जिला बालोद के दीनाराम, ग्राम पारागांव, जिला रायपुर के लोमेश देवांगन, ग्राम कटगी, जिला बलौदाबाजार के गोवर्धन देवांगन, बस्तर के कमलोचन, चारामा, जिला कांकेर के माखन लाल, सीनापाली, जिला गरियाबंद के कामोराम, मेढ़ा, राजनांदगांव की श्रीमती कौशिल्या शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने समारोह में बुनकर परिवार के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।




## प्रियंका गांधी पर टिप्पणी भाजपा की घृणित मानसिकता -कांग्रेस

**रायपुर(आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के ऑफिसियल ग्रुप में कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री प्रियंका गांधी के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी की कांग्रेस ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कड़ी निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की निम्न मानसिकता और महिलाओं के प्रति घृणित नजरिये को प्रकट करता है। इस टिप्पणी से भाजपा नेताओं ने साबित कर दिया कि उनका महिलाओ के प्रति कितना सम्मान है। दुर्भाग्य जनक है भारतीय जनता पार्टी के जिस व्हाट्सएप्प ग्रुप में यह निम्नस्तरीय टिप्पणी की गई उसमे भारतीय जनता पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता भी सदस्य है लेकिन किसी ने भी इस ग्रुप में एक भद्र महिला के सम्बंध की गई इस घृणित और अपमान जनक टिप्पणी के लिए न तो आपत्ति व्यक्त की और न ही टोका टाकी की।

## सीएम बघेल के ट्वीट से विरोधियों की बोलती बंद

#### बदला! कोई अपराध किया था? नहीं किया तो मत घबराइए

**रायपुर (आरएनएस)।** बदला-बदला, बदला! भाई किस बात का बदला? क्या किया था आप लोगों ने? कोई अपराध किया था? नहीं किया तो मत घबराइए।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्वीटर एकाउंट पर एक रोचक ट्वीट किया है। लगातार बदले की भावना से राजनीति करने के आरोप लगने के बाद आज मुख्यमंत्री ने इस ट्वीट से सारे विरोधियों की बोलती ही बंद कर दी है। किसी का भी नाम लिए बिना उन्होंने लिखा है कि भाई किस बात का बदला? क्या किया था आप लोगों ने? न्यूटन की गति का तीसरा नियम है-क्रिया के विपरीत प्रतिक्रिया। तो क्रिया क्या थी? वो भी बता दें? कोई अपराध किया था? नहीं किया तो मत घबराइए। इंसान देने, दिलाने की बात है और बदलाव-पुर में इंसाफ तो होकर रहेगा।

मुख्यमंत्री के इस ट्वीट के बाद राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गई है। राजनीति के जानकारों की माने तो मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने एक ट्वीट से सारे विरोधियों को सीधे-सीधे जवाब दे दिया है कि यदि गलत नहीं हैं तो डरने की जरूरत नहीं है और यदि गलत किया है तो कार्यवाही तय है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही विरोधी दल ने बदले की भावना से काम करने का आरोप मढ़ा था। जबकि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के पूर्व ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्पष्ट किया था कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो बदले की भावना से कोई भी काम नहीं किया जाएगा, जो भी होगा व कानून के हिसाब से होगा।

## बच्चों ने बनाई मैथ्स लर्निंग मशीन

**कोरबा (आरएनएस)।** वैसे तो बच्चों को गणित विषय के नाम से ही डर लगता है, पर नए प्रयोग और खेल-खेल में बच्चों को गणित सिखाया और पढ़ाया जाए तो यह कठिन विषय आसान बन जाता है। बीकन इंग्लिश स्कूल सीएसईबी कोरबा में कुछ इसी तरह के नए प्रयोग और खेल-खेल में बच्चों को गणित विषय का ज्ञान दिया जा रहा है। बीकन स्कूल के कक्षा चौथी एवं पांचवीं के बच्चों को मैथ्स लर्निंग मशीन बनाने का प्रोजेक्ट दिया गया था। दोनों कक्षा के बच्चों ने यह प्रोजेक्ट बनाया भी और मशीन की मदद से गणितीय फार्मूले से सवालों को हल भी किया।

## चिटफंड कंपनियों में डूबी रकम निवेशकों को वापस दिलाने बनेगा विशेष कोर्ट

#### एजेंटों पर दर्ज मुकदमे होंगे वापस

**रायपुर(आरएनएस)।** चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर अपनी जमापूंजी गंवा चुके लोगों की रकम वापस दिलाने के लिए नीति बनाई जाएगी, इसके लिए एक विशेष कोर्ट भी बनाया जाएगा। वहीं चिटफंड कंपनियों के लिए एजेंट का काम करने वाले लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे।

भूपेश मंत्रिमंडल की आज संपन्न हुए बैठक में उक्त निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश में 286 एजेंटों पर मामला दर्ज किए गए हैं। चिटफंड कंपनियों की अनियमितता पर लगभग 424 प्रकरण दर्ज हैं और अब तक 11 अरब 5 करोड़



513 लाख की राशि जमा हो चुकी है, जिसे राज्य भर के करीब 2 लाख 70 हजार लोगों ने जमा कराया है। छत्तीसगढ़ में 199 ज्ञात चिटफंड कंपनियों है। इसकी रिकव्हरी की पूरी समीक्षा 2 पार्ट मकें किया गया है। इन सभी के खिलाफ मामलो की वापसी करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा एक विशेष कोर्ट बनाकर निवेशकों को पैसा वापस दिलाने का कार्य किया जाएगा।

**अब तक 86 लाख मैट्रिक धान खरीदी :-**

बैठक में यह भी स्पष्ट हो गया है कि राज्य में अब तक कितना धान खरीदा जा चुका है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 86 लाख मैट्रिक धान की खरीदी हो चुकी है, इन धानों के उपार्जन हेतु केन्द्र से अब तक सहमति नहीं हुई, लिहाजा राज्य सरकार इस धान का कैसे उपयोग करे, बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई है।

## बच्चों का घर से बाहर निकलकर खेलना है बेहद जरूरी

ऑनलाइन गेम्स, कंप्यूटर और टीवी के इस युग में बच्चे घर से बाहर निकलकर आस पड़ोस के बच्चों के साथ खेलना ही भूल गए हैं। एक नए अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि बच्चों को घर से स्कूल भेजने वाले पैरंट्स सोचते हैं कि बच्चों को संगठित खेलों और शारीरिक गतिविधियों में व्यस्त कर वे उन्हें फिट रख रहे हैं लेकिन युवाओं को इसकी और ज्यादा जरूरत होती है। राइस यूनिवर्सिटी की लॉरा कबीरी सहित शोधकर्ताओं ने कहा कि समस्या इस बात को जानने को लेकर है कि आखिर कितनी



सक्रियता संगठित जीवनशैली के लिए जरूरी है।

**बच्चों का शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना है जरूरी**

शोधकर्ताओं का कहना है कि अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों के लिए और ज्यादा समय देना चाहिए। कबीरी ने कहा कि अभिभावक जानते हैं कि अगर वे अपने बच्चों को तेज सांस लेते हुए और पसीना छोड़ते हुए नहीं देखेंगे तो इसका मतलब वे पर्याप्त परिश्रम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों से अपील है कि वे बच्चों को घर से बाहर लाएं और उन्हें दौड़ने दें, पड़ोसी बच्चों के साथ खेलने दें और उन्हें साइकल चलाने दें।

**1 घंटे की ऐरोबिक गतिविधि जरूर करें**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार बच्चों को एक दिन में मुख्य रूप से एक घंटे की ऐरोबिक गतिविधि जरूर करनी चाहिए।

## अभी से ऐक्शन हीरो है तुषार कपूर का बेटा



फिल्म और टेलिविजन प्रड्यूसर एकता कपूर हाल ही में मां बनी हैं। भाई तुषार कपूर के बाद उन्होंने सरॉगसी से बेटे को जन्म दिया है, जिसकी वह सिंगल पेरंट हैं। एकता के मां बनने के बाद उनके परिवार में सभी बेहद खुश हैं और उन्हें हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं।

बता दें कि एकता को तुषार के बेटे लक्ष्य से भी काफी लगाव है और वह अक्सर उसकी तस्वीरें और विडियोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर लक्ष्य की विडियो क्लिप्स शेयर की हैं। इस विडियो में लक्ष्य कोच से फिटनेस ट्रेनिंग सेल्फ डिफेंस सीखते नजर आ रहे हैं।

बेटे के जन्म के बाद एकता कपूर ने अपनी खुशी सोशल मीडिया के जरिये शेयर की थी। उन्होंने बताया था कि कैसे 7 साल के संघर्ष के बाद उनके जीवन में यह खुशी आई है।

## दोस्ताना के सीक्कवल में होंगी आलिया भट्ट!

पिछले साल अगस्त में हमारे सहयोगी मिरर ने बताया था कि फिल्ममेकर करण जौहर 2008 में आई अपनी हिट फिल्म दोस्ताना का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बाद में पता चला कि वह ऑरिजनल फिल्म की तरह इसके सीक्वल में भी लव ट्राइऐंगल को पूरा करने के लिए दो नए ऐक्टर्स, एक ए लिस्ट ऐक्ट्रेस को कास्ट करेंगे।

अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में लीड ऐक्ट्रेस के तौर पर आलिया भट्ट को कास्ट किया जा सकता है। करण जौहर के प्रॉडक्शन की आने वाली कई फिल्मों में आलिया नजर आएंगी। इनमें कलंक, ब्रह्मास्त्र और तख्त जैसी फिल्में शामिल हैं।



इस खबर से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म को लेकर बातचीत शुरू हो गई है और आलिया को यह आइडिया पसंद आया है। वह जल्द ही फाइनल स्क्रिप्ट सुनेंगी। उनके ऑपोजिट जिन दो मेल को-स्टार्स को कास्ट किया जाना है, वह प्रॉसेस चल रहा है। फाइनल कास्टिंग हो जाने के बाद करण फिल्म की घोषणा करेंगे।